# सफ़ाईनामा

सफ़ाई सेना

अंक 4 | जनवरी 2012 | सफ़ाई सेना का प्रकाशन

कबाड़ियों की आवाज

## गौरवपुर्ण 2 साल

सफाई सेना द्वारा आयोजित वार्षिक बैठक सफलतापुर्वक पिछले महिने 4 दिंसबर दिन रविवार भोपुरा पंचशील में आयोजित की गई। जिसमें दिल्ली एवं एन.सी.आर. के अलग-अलग जगहो से तकरीबन 800 सफाई सेना सदस्य शामिल हुए। यहाँ पर गाजियाबाद नगर निगम से स्वास्थ्य अधिकारी मिस्टर के.के त्यागी ने भी इस बैठक में भाग लिया तथा कबाड़ी भाइयों के अच्छे काम को सम्बोधित करते हुए भविष्य में उनके कचरा उठाने के काम में सहायता करने की बात कही। यहाँ पर सफाई सेना द्वारा पिछले दो साल के किये गये कार्यो की सफलता, गुणवत्ता एवं गलतियों को याद किया गया तथा लोगो से अवगत कराया गया। यहाँ सफाई सेना सदस्यो का उत्साह देखते नही बनता था। सफाई सेना द्वारा बनाये गये बस्ती प्रमुख तथा अन्य सदस्य द्वारा उनके विचार परामर्श और सुझाव को सुना व उस पर मंथन किया गया। वार्षिक बैठक में आने वाले समय में भविष्य योजना भी बनाई गई। सफाई सेना सदस्यो द्वारा सफाई सेना को अगले कई सालों तक गौरव पूर्ण कार्य करने और सदस्य बने रहने के लिए बचनबद्ध भी किया गया!


(सफाई सेना सदस्य)





## हमें मिली पहचान

मेरा नाम अफसर अली (गाजिपुर डेयरी फार्म) और मेरे साथी अनुपम (तेखंड) गांव में रहते हैं। हमें लगातार अपने पहचान पत्र व अन्य किसी भी तरह के दस्तावेज बनाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पडता था। कभी जानकारी के अभाव, कभी गलत फार्म भरने के कारण हम किसी भी तरह के दस्तावेज नही बनवा पाते थे। यहाँ तक कि सरकार द्वारा बनाये जा रहे स्मार्ट कार्ड (यू.आई.डी.) भी नही बनवा पा रहे थें। फिर सफाई सेना व चिंतन के सदस्य द्वारा फार्म भरने की कार्यशाला का आयोजन करने के बाद सही जानकारी मिली और सही तरह से फार्म भरने के कारण हमने अपने स्मार्ट कार्ड (यूआई.डी.) प्राप्त किये! वर्तमान समय में गाजिपुर मे तकरीबन 200, तेखंड मे 30, भोपुरा में 150 और खजुरी 50 स्मार्ट कार्ड (यू.आई.डी.) बन चुके है। आगे भविष्य में सफाई सेना व चिंतन के सहयोग से अपने स्मार्ट कार्ड (यू.आई.डी.) प्राप्त करते रहेगें। हम और हमारे क्षेत्रवासी सफाई सेना व चिंतन को धन्यवाद देते हैं।



Unique Identification Authority of India/भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
Government of India/भारत सरकार
**Acknowledgement/Resident Copy**- पावती /निवासी रसीद

AADHAAR

**Enrolment No./नामांकन संख्या:** 1171/03714/12875
*** This is not the Aadhaar number ***

**Date/तिथि:** 15/12/2011 12:45:24

**Name, Address and other details:**
Shekh Intaz (Male)
**S/O** : Shekh Khadeem

Gali No-7,Jughi-28 Dairy Farm, gajipur
East Delhi (Delhi) - 110091
P.O. - Chilla

**Year Of Birth/जन्म का वर्ष:** 1956 (Approximate)

**नाम,पता और अन्य विवरण:**
शेख इन्ताज़ (पुरुष)
**S/O** : शेख खादिम

गली न.-७,जुगहि२८ डेरी फार्म , गाजीपुर
ईस्ट दिल्ली (दिल्ली ) - 110091
P.O. - चिल्ला
**Mobile/मोबाइल:**
**Email/ईमेल:**

**Relationship Not Given**
**Biometrics Captured:** Face, Fingers(10), Iris(2)
**NPR Receipt/NPR रसीद:** Not Given
**Aadhaar Enabled Bank:** ALLAHABAD BANK
**Documents:** Ration/PDS Photo Card, Electricity Bill (not older than 3 months)
**Bank A/c Opening Consent/बैंक खाता खोलने की सहमति:** Yes
**Information Sharing Consent/जानकारी वितरित के लिए सहमति:** Yes
**Registrar:** Mission Convergence - GNCT Del
**Enrolment Agency:** Smart Chip Limited

**Enrolment Station Location:**

Amit Kumar Tiwari (Signature)

• Correction (if any) of demographic information must be made within 48 hours of enrolment
For any enquiry, please contact: किसी तरह की पूछ -ताछ के लिए, कृपया संपर्क करें:

help@uidai.gov.in | http://www.uidai.gov.in | 1800 180 1947 | P.O. Box #1947, Bangalore-560001

(गाजिपुर डेयरी फार्म और तेखंड गांव)
सफाई सेना सदस्य

## सफाई सेना जागरूकता अभियान

सफाई सेना द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के अंर्तगत (कुडे से बिजली बनाने का प्लांट) के बारे में लोगो को जागरूक करने के लिए, सफाई सेना व चिंतन की मदद से ओखला स्थिति तेंखड, तुगलकाबाद गांव व, तुगलकाबाद एक्सटेंशन में दिनांक 29.01.2012 को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया! प्रभात फेरी सुबह 8 बजे तेखंड से शुरु हुई यहाँ लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभात फेरी के दौरान सफाई सेना व चिंतन के सदस्यो ने झुग्गी-झुग्गी जाकर लोगों से मिले तथा उन्हें पर्चे भी बाँटें और उन्हे प्रभातफेरी में शामिल होने को प्रोत्साहित किया। सफाई सेना व चिंतन सदस्यो ने घुम-घुम कर नारे भी लगाये व कुडे से बिजली का कारखाना व कबाड़ी भाइयों के पुनर्वास के बारे में लोगो को जागरूक किया!

सफाई सेना सदस्य




## जागरूक हुए हम

मेंरा नाम दिपांकर है मैं ओखला स्थिति तेखंड गांव के बंगाली झुग्गी में रहता हूँ। मैं सफाई सेना व चिंतन से पिछले दो साल से जुडा हुआ हूँ। मैं और मेरे साथीगण हम सभी लगातर मिलकर (कुडे से बिजली बनाने का प्लांट) के बारे में लोगो को जागरूक कर रहे है तथा उससे जुडी सारी जानकारियाँ चिंतन के सहयोग से दिन प्रतिदिन लोगों को अवगत कराते रहते हैं। सफाई सेना द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के कारण हमें काफी मदद मिलती है। वर्तमान समय में सर्वप्रथम मेरा लक्ष्य है कि तेखंड के सभी कबाड़ी भाई सफाई सेना के सदस्य बन सके तथा उनका पुनर्वास हो!

दिपांकर (तेख्रंड गांव)



## सफाई सेना की दुनिया

दुनिया में हम आये हैं सफाई करना ही पड़ेगा
जीवन में है कूड़ा हमें उठाना ही पड़ेगा
गिर गिर के मुसीबत में संभलते ही रहेंगे
जल जाए अगर कूड़ा तो भूखे ही मरेंगे
गम जिसने दया वो ही गम दूर करेगा
दुनिया में हम आये हैं सफाई करना ही पड़ेगा।

रफीक
(सफाई सेना सदस्य)



## सफाई सेना हैं हम

ऐ वतन ऐ वतन ये सफाई सेना हैं हम,
गलियों की सफाई करते हैं हम
घरों से कूड़ा निकालते हैं हम
कचरे को डबबे में डालते हैं हम
ऐ वतन ऐ वतन ये सफाई सेना हैं हम।

संपादकीय बोर्ड :- मुहम्मद ताजुददीन (सीमापुरी) : 9953515236, ओम प्रकाश (पिलंजी) : 8750474496, मुहम्मद कासिम (गाजीपुर) : 9716843646, ओम प्रकाश भोपुरा : 8800517954, रफीक (लोनी)

पता :- यु.एस.एफ. पियुट्री, स्कूल ब्लाक, मंडावली, दिल्ली -110092
फोन :-9810225423 ई-मेल :- safai.sena@gmail.com
वेबसाइट :-www.safaisena.net फेसबुक :-www.facebook.com/safaisena

सफ़ाई सेना